# कार्यालय अधिशासी अभियन्ता, खण्ड कार्यालय,
# उ0प्र0 जल निगम(ग्रामीण), अमेठी

पत्रांक 1355 / कार्य-2 / 65 दिनांक 05/09/2026


सेवा में,

संयुक्त प्रबन्ध निदेशक(प्रशासन),
उ0प्र0 जल निगम(ग्रामीण),
लखनऊ।

**विषयः दैनिक समाचार पत्र (दैनिक भास्कर) में दिनांक 02.08.2026 को प्रकाशित खबर ''बारिश में ग्रामीणों को आने–जाने में दिक्कत् जल जीवन मिशन के काम से बिगड़ी हालत'' के सम्बन्ध में आख्या।**

महोदय,

उपरोक्त विषयक दैनिक समाचार पत्र 'दैनिक भास्कर में प्रकाशित खबर ''बारिश में ग्रामीणों को आने–जाने में दिक्कत जल जीवन मिशन के काम से बिगड़ी हालत'' उक्त के सम्बन्ध में अवगत कराना है कि उक्त प्रकरण को संज्ञान में लेते हुए सम्बन्धित स्थल का तत्काल निरीक्षण कराया गया तथा निर्धारित मानकों के अनुसार रेस्टोरेशन (गड्ढा भराई, कुटाई एवं समतलीकरण) का कार्य पूरी तरह से पूर्ण करा दिया गया है। वर्तमान में उक्त मार्ग पर सेटलमेंट अथवा कीचड़ की समस्या का पूर्ण निवारण हो चुका है और राहगीरों व वाहनों का आवागमन पूरी तरह सुरक्षित एवं सुचारू है।




भवदीय

अधिशासी अभियन्ता

पृं0सं0 / / दिनांक

**प्रतिलिपिः**—निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित।

1. अधीक्षण अभियन्ता महोदय, मण्डल कार्यालय, उ0प्र0 जल निगम(ग्रामीण), अयोध्या(कैम्प–बाराबंकी) को सादर सूचनार्थ।
2. जिलाधिकारी महोदय, अमेठी को सादर सूचनार्थ।
3. मुख्य विकास अधिकारी महोदया, अमेठी को सादर सूचनार्थ।
4. जिला सूचना अधिकारी, अमेठी।
5. सम्बन्धित सहायक अभियन्ता / जूनियर इंजीनियर।

अधिशासी अभियन्ता

# लवा गांव में सड़क खराब: बारिश में ग्रामीणों को आने-जाने में दिक्कत, जल जीवन मिशन के काम से बिगड़ी हालत

आफताब हुसैन |
पालपुर
(मुसाफिरखाना),
अमेठी जिला
3 दिन पहले



अमेठी के जगदीशपुर विकासखंड की ग्राम सभा उतेलवा में गांव के अंदर जाने वाला रास्ता बहुत खराब है। बारिश के मौसम में ग्रामीणों को आने-जाने में काफी परेशानी हो रही है।

ग्रामीणों का आरोप है कि पिछले 10 सालों से एक ही व्यक्ति ग्राम पंचायत का प्रधान है। इसके बावजूद गांव का रास्ता आज तक ठीक नहीं हुआ। ग्राम पंचायत इस पर कोई ध्यान नहीं दे रही है। रास्ते की हालत जस की तस बनी हुई है।

वहीं, ग्राम प्रधान से जुड़े लोगों ने बताया कि रास्ता बनाया जरूर गया था, लेकिन जल जीवन मिशन के काम के दौरान सड़क को नुकसान पहुंचा। पाइप लीक होने से सड़क पर पानी बहता रहा, जिससे सड़क पूरी तरह खराब हो गई।

जोहेब, मनोज और असलम जैसे स्थानीय लोगों ने बताया कि सड़क पहले सही थी। जल निगम के काम के कारण पानी के रिसाव से यह खराब हुई है।